
तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 3 दिसंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 श्री रूद्र यज्ञ व भागवत कथा 7 से, पहले दिन निकाली जाएगी ...



08 सर्द हुआ मौसम... बादलों से सात डिग्री...



# पूरी पारदर्शिता से करें खरीदी, बारिश में धान को सुरक्षित रखने का करें पुख्ता इंतजाम

## कलेक्टर शर्मा ने खाद्य विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में खाद्य एवं उससे संबद्ध विभाग के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा व धान खरीदी को लेकर बैठक ली। कलेक्टर शर्मा ने धान उपार्जन केन्द्र पहुँच रहे किसानों के टोकन का मिलान करके, आवक पंजी में उसे दर्ज कराकर पारदर्शिता धान की खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने स्पष्ट किया कि धान खरीदी केंद्रों में निर्धारित बिंदुओं की चेकलिस्ट के अनुसार व्यवस्था सुनिश्चित रहे जिसकी मॉनीटरिंग संबधित अधिकारी निरंतर करेंगे। कलेक्टर ने बेमौसम बारिश के कारण धान को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सलाह दी कि धान खरीदी केंद्रों पर तिरपाल या अन्य कवर की व्यवस्था की जाए ताकि धान बारिश से खराब न हो। इसके साथ ही, कलेक्टर ने यह सुनिश्चित करने को कहा कि धान का उचित भंडारण किया जाए और सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं ताकि किसानों की उपज को नुकसान से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि कृषक द्वारा धान खरीदी केंद्र में धान लाने पर धान की ढेरी लगवाई जाये जिसके बाद समिति प्रभारी धान की नमी व गुणवत्ता की माप करे और उचित गुणवत्ता मिलने पर मार्का लगा (स्टेंसिल) लगा बारदाना जारी करे। जिसमें धान को भरने के बाद समिति के कर्मचारियों द्वारा सिलाई व स्टॉकिंग का कार्य किया जाए। इस प्रक्रिया का पालन सभी समिति प्रबंधक अनिवार्य रूप से करें इसके लिए कलेक्टर ने उन्हें निर्देशित किया। बैठक में सर्व एसडीएम, जिला खाद्य अधिकारी, जिला प्रबंधक मार्कफेड, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, जिला नोडल वेयर हाउसिंग व खाद्य विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



### बारदाने की करें पर्याप्त व्यवस्था

कलेक्टर ने अधिकारियों को किसानों के लिए पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए बारदाने (बोरे) की उपलब्धता को प्राथमिकता दी जाए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि खरीदी केंद्रों पर समय पर बारदाने की आपूर्ति हो, ताकि धान का उठाव सुचारू रूप से हो सके और किसानों की फसल सुरक्षित रहे। पिछले वर्ष के आकलन के आधार पर तथा वर्तमान से आगामी खरीद का आकलन करते हुए बारदाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गए। उन्होंने उचित मूल्य दुकान व मिलर्स से सभी समितियों में बारदाने का भंडारण खपत के आंकलन के आधार पर पूर्व ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि कृषक बंधुओं आसानी से अपने धान का विक्रय कर सके। इसके साथ ही बैठक में हमालों की पर्याप्त उपलब्धता, तौल कांटो की पर्याप्त उपलब्धता, टोकन सूची का सत्यापन, धान भण्डारण हेतु जगह की उपलब्धता व राशनकार्ड ई केवाईसी की प्रगति पर चर्चा की गई।

## खबर संक्षेप

### धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान की जिम्मेदारी विधायक संगीता व अनिला को

**बालोद।** धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान के तहत जिला में बालोद विधायक संगीता सिन्हा व विधायक अनिला भेड़िया को जिम्मेदारी सौंपी गई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारा किसानों की इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए 3 दिसंबर को धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया है। इसके तहत नियुक्त प्रभारी क्षेत्र के अलग अलग खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से आरक्षक घायल

**बालोद।** ग्राम धनोरा के पास अज्ञात चार पहिया वाहन ट्रेड आरक्षक को टक्कर मारकर फरार हो गया। गुरुर थाने में अज्ञात चार पहिया वाहन के खिलाफ 125ए बीएनएस, 281 बीएनएस तहत मामला दर्ज किया गया है। 14 बटालियन में एपीसी और पुलिस पेट्रोल पंप का इंचार्ज ने बताया कि रविवार को ट्रेड आरक्षक 1224 किशोर गायकवाड़ को धान मंडी ग्राम धनोरा के पास एनएच 930 मार्ग पर अज्ञात चार पहिया वाहन चालक के द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर ठोकर मार कर भाग गया। उन्हें बटालियन के इमरजेंसी वाहन से ईलाज के लिए शासकीय अस्पताल गुरूर ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद को गंभीर चोट लगने के कारण उच्च ईलाज के लिए धमतरी अस्पताल रेफर किया गया है।

### बाइक की ठोकर से युवती घायल

**बालोद।** दल्लीराजहरा के सब्जी बाजार में टमाटर खरीदने गई दल्लीराजहरा निवासी युवती जागृति जायसवाल को बुलेट बाईक चालक युवक ने टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गई। दल्लीराजहरा के वार्ड 24 हनुमान मंदिर के पास मुख्य मार्ग पर बाइक की टक्कर से दल्लीराजहरा निवासी जागृति जायसवाल घायल हो गई। मामले पर 30 नवंबर को राजहरा थाने में बाइक चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। जानकारी देते हुए एएल जायसवाल ने बताया कि 27 नवंबर को पोती जागृति जायसवाल फव्वारा चौक राजहरा में टमाटर खरीदने गई थी। वहां से शाम 7.30 बजे घर आ रही थी। इस दौरान चिखलाकसा से फव्वारा चौक तरफ जा रही बुलेट वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। जिसके बाद शहीद अस्पताल राजहरा में प्रारंभिक इलाज के बाद रायपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### जिला स्तरीय पैरा एथलेटिक्स स्पर्धा 8 को

**बालोद।** पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ बालोद द्वारा जिला स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 8 दिसंबर को सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में प्रातः 9 से 6 बजे तक किया गया है। यह प्रतियोगिता दृष्टिबाधित, अस्थि बाधित तथा व्हील चेयर महिला, पुरूष दिव्यांगों के लिए है। यह प्रतियोगिता सब जूनियर वर्ग 08–15 वर्ष जुनियर वर्ग 15–21 वर्ष, सीनियर वर्ग 21 वर्ष से ऊपर के लिए है।

## जिला मुख्यालय स्थित पोस्ट आफिस में रेलवे टिकट को लेकर हमेशा परेशानी

# रातभर लाइन लगाकर बैठे रहे लोग, सुबह पता चला बंद रहेगा रेलवे टिकट काउंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर के पोस्ट ऑफिस में संचालित रेलवे टिकिट आरक्षण काउंटर का हाल बेहाल है। कई बार बिना किसी सूचना के काउंटर बंद रख दिया जाता है, जिसके कारण आमजनों को टिकिट आरक्षण कराने परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।

टिकट आरक्षण के लिए लोगों को किस तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसका नजारा सोमवार सुबह पोस्ट ऑफिस में नजर आया। रविवार रात 10 बजे से ठिठुरन से भरी ठंड में रात भर पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर रात गुजारते हुए सुबह तक पोस्ट ऑफिस के बाहर ग्रामीण अंचलों एवं शहर से आए लोग टिकिट बनाने लाइन में लगे रहे। लेकिन सोमवार सुबह 9 बजे पोस्ट ऑफिस का गेट खुला। उसके बाद रातभर ठंड में टिकिट के लिए लाइन में लगे आम जनों ▶▶| शेष पेज 09 पर

**खास बातें**

- अधिकारियों ने कहा- कर्मचारियों की कमी के कारण होती है समस्या
- पोस्ट ऑफिस जूझ रहा कर्मचारियों की कमी से,आमजन टिकिट आरक्षण कराने हो रहे परेशान



### बोर्ड पर सूचना तो लिख देते

रेलवे टिकिट बनवाने पहुंच ने वालों में ग्राम उघरा भिनपुरी के योगेश कुमार साहू ,खम्मम सेन ग्राम ताला,विनोद वर्मा भीनपुरी,अजय वर्मा बेमेतरा, पवन नेताम मानपुर नवागढ़ , शंकर निषाद कमलेश निषाद बहेंगा बहरघट ने बताया कि वे रेलवे टिकिट लेने के लिए रविवार रात से गर्म कपड़े पहन लाइन लगा कर बैठे रहे। सोमवार सुबह पोस्ट ऑफिस के साहब ने बताया कि आज रेलवे टिकिट काउंटर बंद है। कारण पूछने पर उन्होंने बताया कि कर्मचारी उपलब्ध नहीं है। आमजनों का कहना है कि जब ऐसी स्थिति है, तब विभाग नोटिस बोर्ड पर सूचना लिख कर जारी कर देते, ताकि दिन रात टिकिट बनाने वाले के लिए परेशान नहीं होते। इस पर विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने कहा कि हमारे विभाग में ही काफी कार्य करने होते हैं, इस पर समय नहीं है।

### पहली प्राथमिकता पोस्टआफिस को

रेलवे का काम हमारा नहीं है। हमारा मूल काम पोस्ट आफिस का है। कर्मचारी पहली प्राथमिकता पोस्टआफिस को देगा, उसके बाद रेलवे को देगा।

- **पूजा तिवारी,** असिस्टेंट सुपरिंटेंडेंट, डाकघर, दुर्ग संभाग

### 100 से 150 किलोमीटर की दूरी पर बनता है टिकट

शंकर निषाद ,कमलेश निषाद ग्राम बहेंगा बहरघट ने बताया कि बेमेतरा पोस्ट ऑफिस में हर रोज यही स्थित सामने आती है। टिकिट बनती भी है तो पहले नंबर का फार्म जिसने भरा उसे टिकिट मिल पायेगी । इस कारण रात से ही लाइन लगानी पड़ती है। एक-एक सप्ताह तक लाइन लगाने के बाद भी टिकट मिलने की संभावना नहीं रहती या फिर दुर्ग, रायपुर का सफर तय करना पड़ता है जो आना जाना 170 किमी होता है। वहीं तिल्दा, भाटापारा जहां आने जाने में 100 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है उसके बावजूद निश्चित नहीं है कि टिकट कंफर्म मिल जाए। मजबूरन यात्रा करना जरूरी है, तो अधिक राशि खर्च कर टिकिट दलाल का सहारा लेना पड़ता।

## बिटकुली में हुई अंतर संकुल बाल क्रीडा प्रतियोगिता, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड बेमेतरा के जोन चंदनु के संकुल नवागांव अंतर्गत प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों का दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन बिटकुली में किया गया।

प्रतियोगिता में चारों संकुलों के हजारों बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जोन प्रभारी हर्ष श्रीवास्तव संकुल समन्वयक मितिलेश मांडले, गिरधारी लाल साहू एवं देव सिंह मंडावी के मार्गदर्शन में जोन के सभी शिक्षकों के सहयोग से यह खेल आयोजित किया गया। आयोजन की व्यवस्था बिटकुली के शिक्षक तीरथ राम साहू, पुरन लाल साहू, संत कुमार, विजेता भुवाल के साथ-साथ जोन के शिक्षक पोखन गंधर्व ,दिलीप महंत, जितेंद्र पाटिल, मनीष मानिकपुरी, हुकुम साहू मुकेश शर्मा, राकेश ठाकुर तरुण सोनी ,दानेश्वर ठाकुर अश्विनी ध्रुव, हरीश बंजारे, राकेश मतावारे की अहम भूमिका रहा। इस आयोजन में मुलमुला बिटकुली, नवागांव, चंदनु, बीरमपुर, पुराण, उसलापुर मुंगेली, करंजिया, तुमा, झिरिया, मऊ मुंगेली शालाओं के बच्चों ने भाग लिया। आयोजन के उद्घाटन सत्र में हरेंद्र वैष्णव जनपद उपाध्यक्ष बेमेतरा, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं सरपंच नई केशव साहू, झिरिया सरपंच राम विशाल मिश्रा एवं युवा भाजपा नेता राहुल शर्मा अतिथि रहे खेल प्रतियोगिता बिटकूली में प्रतियोगिता में व्यक्तिगत खेल के साथ-साथ सामूहिक खेल खो-खो, कबड्डी का आयोजन हुआ। विजेता बच्चों को पुरस्कार, प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन बिटकुली के शिक्षक पद्मराज सिंह भुआल ने किया।

## गुधेली में 'पहल' संस्था ने 60 बुजुर्गों को कम्बल भेंटकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला




ग्राम गुधेली में पहल सामाजिक संस्था के सदस्यों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 60 बुजुर्गों एवं जरूरतमंदों का कंबल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। तहसील क्षेत्र भिंभौरी में स्थापित पहल सामाजिक संस्था के द्वारा विगत वर्षों से अलग अलग गाँवों में इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

संस्था द्वारा यह बीसवां गाँव था, जहाँ ये आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज सेवक दुर्गा टिकरिहा, कमलेश वर्मा,राजेन्द्र वर्मा, खिवराज धीवर,नारायण वर्मा, दिलीप टिकरिहा,विक्की साहू, शुभम साहू, मनीदास मानिकपुरी,मनोज वर्मा, चंद्रहास वर्मा, रामहृदय वर्मा, विकास कश्यप और गुधेली से देवदत्त साहू,सरपंच रुखमणी ठाकुर,पंच दुलारी बाई साहू, बद्रीविशाल साहू, जगमोहन साहू, नेतराम परगनिहा, डॉक्टर दिलेन्द्र वर्मा, दयाशंकर पाल,रामकुमार वर्मा, पंकज वर्मा, शिवा चौहान, संजय साहू, जीतू साहू,होरीलाल ठाकुर एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## रायगढ़ जिले मे अग्निवीर थलसेना भर्ती रैली कल से

**बेमेतरा।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा रायगढ़ जिले में 4 से 12 दिसम्बर तक रायगढ़ स्टेडियम (रायगढ़) में अग्निवीर थलसेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस थलसेना अग्निवीर भर्ती रैली के लिए अप्रैल 2024 में ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सी.ई.ई.) का आयोजन किया गया था। सी.ई.ई. में उत्तीर्ण युवाओं के शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाओं का आयोजन 04 से 12 दिसम्बर तक रायगढ़ स्टेडियम (रायगढ़) में किया जा रहा है । जिले से सी.ई.ई. परीक्षा उत्तीर्ण युवाओं को, रायगढ़ जिले में आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं अन्य प्रकियाओं में उपस्थिति हेतु 07 दिसम्बर 2024 की तिथि निर्धारित की गई है । सुसंगत जानकारी के लिए नोडल अधिकारी बृजेश सिंह क्षत्रिय आयुक्त नगरपालिक निगम, रायगढ़ से संपर्क किया जा सकता है।

## राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में डेयरी पॉलीटेक्निक के विद्यार्थी पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय अंजोरा दुर्ग द्वारा राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें अंजोर कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता तथा मितान कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



प्रतियोगिता में ज़िला मुख्यालय के समीप ग्राम चोरभट्टी स्थित डेयरी पॉलीटेक्निक के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जहां क्विज प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष के विद्यार्थी सत्यजीत सोनवानी तथा अरूण कुमार ने तृतीय स्थान एवं तत्काल पेन्टिग प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष के विद्यार्थी सत्यजीत सोनवानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार मात्स्यिकी महाविद्यालय, कवर्धा में आयोजित मितान' के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता में डेयरी पॉलीटेक्निक के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बेडमेन्टन सिंगल प्रतियोगिता प्रथम वर्ष की छात्रा नेहा नामदेव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा कबड्डी में टीम का हिस्सा रहे संजय निषाद और हेमंत रजक ने द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया तथा खो-खो टीम का हिस्सा रही कुमारी नेहा नामदेव एवं कुमारी मनीषा निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ▶▶| शेष पेज 09 पर

## ग्राम पंचायत भेड़नी के जिम्मेदारों की लापरवाही से बर्बाद हो रहा पानी

# गौठान में कई दिनों से व्यर्थ बह रहा हजारों लीटर पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जनपद पंचायत बेरला के ग्राम पंचायत भेड़नी के गौठान में मोटर पम्प से लगातार कई दिनों से पानी व्यर्थ बह रहा है। एक तरफ शासन प्रशासन द्वारा जल संरक्षण को लेकर जतन किए जा रहे हैं।

वहीं, ग्राम पंचायत भेड़नी के जनप्रतिनिधियों की लापरवाही सामने आ रही है। आलम यह है कि गौठान में मोटर पम्प चालू स्थिति पर कई दिनों होने पर पानी की बहाव व्यर्थ रूप से किया जा रहा है। वही दूसरी तरफ अंचल में जल संकट का समस्या से कई ग्रामीण आज भी जूझ रहे हैं। गौठान में चल रहे मोटर पम्प से लगातार हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। जिस गौठान में पशुओं के पानी पीने के लिए मोटरपम्प लगाया गया है। गौठान में पानी टँकी शेड निर्माण किया गया है। जो लाखों रुपये के शेड पानी टँकी भी व्यर्थ साबित हो रही है। लिहाजा बेमेतरा में 27 नवम्बर 2024 को कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), बेमेतरा में क्रेडा विभाग के सहयोग से ऊर्जा एवं जल संरक्षण पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। वही 14 अक्टूबर 2024 को केंद्रीय नोडल अधिकारी पंकज कुमार आईआरएस ने कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में "जल शक्ति अभियान रू कैच द रेन-2024" के तहत जिला अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में वैज्ञानिक एवं तकनीकी अधिकारी केंद्रीय भूमि जल बोर्ड रायपुर डॉ रजनी कांत शर्मा साथ थे। संबंधित विभिन्न विभागों लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, वन, कृषि, जनपद, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, सहित नगरीय निकाय के जिला अधिकारी उपस्थित थे। पंकज कुमार ने बैठक में जिले में जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए की गई योजनाओं की जानकारी ली और भविष्य की कार्य योजनाओं पर चर्चा की। लेकिन ग्राम पंचायत भेड़नी की मंशा अलग सामने आ रही है। दुर्भाग्यवश वर्तमान समय में जल संकट एक गंभीर समस्या बन चुकी है। बढ़ती जनसंख्या, औद्योगिकीकरण, और जलवायु परिवर्तन के कारण जल संसाधनों पर दबाव बढ़ गया है। कई स्थानों पर जल की कमी एक गंभीर चुनौती बन गई है, जिसके परिणामस्वरूप सूखे और अकाल की स्थिति उत्पन्न हो रही है। ऐसे में, जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है।



## निलंबित सहायक शिक्षक एलबी दुलेश कुमार बहाल किए गए

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला नेतामटोला के सहायक शिक्षक एल.बी दुलेश कुमार देवांगन का निलंबन समाप्त कर दिया गया है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार उक्त शिक्षक के विरूद्ध प्राप्त शिकायत की विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डौण्डीलोहारा से प्राप्त जाँच प्रतिवेदन के आधार पर कार्यालयीन आदेश क्रमांक/शिकायत/नि./ 5575/2024 बालोद दिनांक 26.09.2024 द्वारा निलंबित कर मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बालोद नियत किया गया था। इसके साथ ही कार्यालयीन पत्र क्रमांक/शिकायत/ नि/7205/2024 बालोद दिनांक 24.10.2024 द्वारा आरोप पत्र जारी कर प्रतिवाद उत्तर चाहा गया था । जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार दुलेश कुमार देवांगन द्वारा अपने पत्र दिनांक 04.11.2024 द्वारा कार्यालय में आरोप पत्र का प्रतिवाद उत्तर प्रस्तुत किया।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# पांच नंबर में एडमिशन फिर भी नहीं मिले छात्र, बीएससी नर्सिंग की ढाई हजार से ज्यादा सीटें लैप्स

## संशोधन के बाद मंगाए थे नए आवेदन, 98 फीसदी ने लिया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सौ में महज पांच नंबर पाने वालों को भी एडमिशन देने की सुविधा के मिलने के बाद भी बीएससी नर्सिंग की ढाई हजार से ज्यादा सीटें खाली रह गईं। आईएनसी द्वारा तय तारीख समाप्त होने के बाद ये सीटें लैप्स हो गईं। कुछ ऐसा ही हाल एमएससी और पोस्ट बेसिक नर्सिंग विषय का भी रहा, जहां क्रमशः ढाई सौ और अस्सी सीटें खाली रह गईं।

नर्सिंग की पढ़ाई की इच्छा रखने वालों की संख्या सीमित है, मगर प्रदेश में कॉलेजों की संख्या बेहद अधिक हो चुकी है। इसकी वजह से हर साल सीटों के खाली रह जाती है। राज्य में आठ शासकीय सहित करीब 122 कॉलेजों में बीएससी नर्सिंग के पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है। इस बार भी प्रवेश नियम में संशोधन किए जाने के बाद भी पूरा एडमिशन नहीं हो पाया। पांच नंबर पाने वाले को भी पात्र किए जाने के बाद नया आवेदन बुलाया गया था, इस दौरान नर्सिंग कॉलेजों में 4775 सीटें खाली थीं। निजी कॉलेज प्रबंधन को उम्मीद थी कि इनमें से 80 प्रतिशत सीटों पर एडमिशन हो जाएगा, मगर अनुमान वास्तविकता के विपरीत हो गया। आवेदन करने वालों की संख्या 2215 पर सिमटकर रह गई। इसमें से 98 प्रतिशत लोगों ने प्रवेश लिया, लेकिन सीटों का फुल होना संभव नहीं था।

इस बार नर्सिंग कॉलेजों में पढ़ाई करीब ढाई हजार कम विद्यार्थियों के साथ पूरी की जाएगी। इसी तरह एमएससी और पोस्ट बेसिक नर्सिंग विषयों का हाल भी कुछ अच्छा नहीं है। नए आवेदन के पहले एमएससी की 306 तथा पोस्ट बेसिक की 134 सीटें खाली थीं। अंतिम दिन बीतने के बाद एमएससी की 252 और पोस्ट बेसिक नर्सिंग की 79 सीटें खाली रह गईं।

हरिभूमि फॉलोअप

### खामियां ही खामियां

प्रदेश में मौजूद नर्सिंग कॉलेजों की संख्या काफी अधिक है। इनमें सुविधाओं का अभाव होने की बातें भी सामने आती हैं। कॉलेजों की क्वालिटी और मौजूदा सुविधाओं का हर साल गठित समिति निरीक्षण करती है। शुरुआती दौर में कमियों की बात सामने आती है, फिर समझाइश और चेतावनी जैसी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें प्रवेश की अनुमति दे दी जाती है।


नर्सिंग कालेजों में बीएससी की 4700 सीटें खाली, एडमिशन के लिए हरी झंडी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चिकित्सा शिक्षा संचालनालय जीरो परसेंटाइल करने भेज चुका चिट्ठी

इस सप्ताह अनुमति के आसार

बाकी विषय में भी कम एडमिशन

- नर्सिंग की पढ़ाई की इच्छा रखने वालों की संख्या सीमित है, मगर प्रदेश में कॉलेजों की संख्या बेहद अधिक हो चुकी है

## खबर संक्षेप



### अमलीडीह पुलिस कॉलोनी में मनाया संविधान दिवस

**रायपुर।** देश के संविधान को 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पुलिस कॉलोनी अमलीडीह में विगत दिनों संविधान दिवस को हीरक जयंती के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान निर्माता, विश्व रत्न डॉ. बाबा साहब आंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बच्चों और बड़ों के लिए क्विज प्रतियोगिता, बच्चों के लिए चित्र प्रतियोगिता, ग्रुपिंग डांस, संविधान से संबंधित स्पीच कार्यक्रम रखा गया था। साथ ही महिलाओं का सरपंच की भूमिका में उनके अधिकार और कर्तव्य, पुरुषों के लिए जनप्रतिनिधि के तौर पर उनके अधिकार तथा कर्तव्य एवं अन्य विषयों पर व्याख्यान हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले बच्चों और बड़ों को कप और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दीप्ति बंजारे, सुरेंद्र चंद्रा, महेश बंजारे, रामकुमार कुर्रे, दिवाकर, प्रमित पाल साहू, राकेश सिंह, भुवनेश्वरी एवं अन्य उपस्थित थे।

### महिलाओं के लिए मेंहदी क्लास का आयोजन



**रायपुर ।** केयर स्किल फाउंडेशन, महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से, एक विशेष मेंहदी कला प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। यह कार्यशाला न केवल महिलाओं को एक पारंपरिक कला सिखाने का अवसर देगी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने और रोजगार के नए अवसर प्राप्त करने में भी मदद करेगी। लक्ष्यः महिलाओं और युवाओं को मेंहदी कला में प्रशिक्षित करना और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना। अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा मेंहदी कला की ट्रेनिंग। पारंपरिक और आधुनिक डिज़ाइनों पर फोकस। सभी प्रतिभागियों को निशुल्क प्रशिक्षण और प्रमाणपत्र। यह कक्षा 18 नवंबर 2024 को ग्राम-कोलर, वि.ख.- अभनपुर, जिला-रायपुर में प्रारंभ हुआ था।

### शिवसेना शिंदे गुट की बैठक, कई मुद्दों पर चर्चा



**रायपुर।** राजधानी रायपुर स्थित एक निजी होटल में विगत दिनों शिवसेना छत्तीसगढ़ शिंदे गुट की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में प्रदेश के सभी जिलाध्यक्ष और पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में आगामी हिंदू राष्ट्र को लेकर दिल्ली धरना, नगरीय निकाय चुनाव के संदर्भ में चर्चा की गई। साथ ही प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार ने रायपुर में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की, जिसमें शिवसेना के जिला महासचिव गोविंद साहू, जिला उपाध्यक्ष देवराज साहू, जिला सचिव सोनू साहू को बनाया गया। इसी प्रकार कामगार सेना के जिला सचिव लीलाधर यदु, सचिव जीतेंद्र ध्रुव, धरसींवा सचिव टामन साहू के अलावा युवा सेना के सचिव निखिल बिसेन, पीयूष बिसेन को ग्राम अम्लेश्वर अध्यक्ष युवा सेना के पद पर नियुक्त किया गया। बैठक में प्रदेशभर से सैकड़ों की संख्या मे शिवसैनिक उपस्थित रहे।

## खाड़ी की नमी का सर्वाधिक असर मध्य हिस्से में

# सर्द हुआ मौसम... बादलों से सात डिग्री लुढ़का पारा, रिमझिम फुहारों से शीत दिवस का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के प्रभाव में प्रदेश का मौसम बदला हुआ है। छाए बादल, हवा की अधिक गति और पड़ रही फुहारों की वजह से राजधानी का तापमान सात डिग्री नीचे जाने से शीत दिवस की स्थिति बन गई है। दोपहर बाद राजधानी में भी हल्की वर्षा का दौर शुरू हुआ, जो देर शाम तक जारी रहा।

चक्रवात फेंगल के तटीय इलाके में आने की वजह से राज्य का मौसम पूरी तरह बदल चुका है। इसका ज्यादा असर रायपुर समेत मध्य तथा रायगढ़ सहित उत्तरी हिस्से में ज्यादा हुआ है। रविवार सुबह से छाए बादल और होने वाली बूंदाबांदी की वजह से सूरज के दर्शन नहीं हुए। चल रही ठंडी हवाओं से माहौल बदला रहा और लोगों को दिन में गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार, रायगढ़ और बलौदाबाजार में रात से हल्की बारिश शुरू हो गई थी और रायपुर समेत आसपास के इलाकों में इसका प्रभाव रविवार को सुबह होने के बाद दिखाई पड़ा। राजधानी में सुबह के वक्त हल्की बौछारें पड़ीं, जिसकी वजह से दिन का तापमान चढ़ना शुरू नहीं हो पाया। दोपहर होने के बाद यहां फुहारों का दौर शुरू हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। बदली-पानी की वजह से रायपुर शहर का तापमान सामान्य से सात और माना का पारा सामान्य से आठ डिग्री कम दर्ज किया गया, जिससे यहां कोल्ड डे की स्थिति बनी रही।





### सर्दी या बारिश के कपड़े

राजधानी में सुबह से तापमान कम होने की वजह से लोगों ने स्वेटर, जैकेट जैसे गर्म कपड़ों का उपयोग किया था। दोपहर से शुरू हुई फुहारों का दौर करीब तीन घंटे तक जारी रहा। इससे लोगों को यह समझ में नहीं आया कि आवाजाही करने के दौरान ठंड से बचने के कपड़े पहनें अथवा भीगने से बचने बरसाती कपड़े का उपयोग करें। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि नवंबर-दिसंबर के दौरान इस तरह की स्थिति अक्सर बनती है।

### दोपहर बाद फुहारों का दौर देर शाम तक जारी रहा



### आज बदलाव नहीं


मौसम विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार, बारिश होने की वजह से रायपुर समेत उत्तरी हिस्सों में सुबह के वक्त कोहरा रहने की उम्मीद है। सोमवार को भी मध्य हिस्से में फुहार और बस्तर में गरज-चमक के साथ अनेक स्थानों पर वर्षा होने का अनुमान है। 3 दिसंबर से सरगुजा संभाग में छाए बादल छंटने शुरू होंगे, जिससे वहां न्यूनतम में गिरावट और अधिकतम तापमान में वृद्धि प्रारंभ होने की उम्मीद है। मध्य हिस्से में दूसरे सप्ताह से रात में ठंड बढ़ने की संभावना है।

### ऐसा रहा मौसम

| शहर | अधिकतम | अंतर | न्यून. तापमान | अंतर |
|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 22.8 | -6.9 | 18.8 | +3.3 |
| माना | 21.6 | -8.2 | 19.2 | +3.9 |
| बिलासपुर | 27.4 | -1.2 | 17.6 | +2.3 |
| पेंड्रा | 26.3 | -0.6 | 12.2 | -0.5 |
| अंबिकापुर | 26.9 | +2.3 | 10.4 | -0.5 |
| जगदलपुर | 26.8 | -2.5 | 21.0 | +8.0 |

## कान्हा का बाघ चार सौ किलोमीटर चलकर पहुंचा एटीआर को बनाया ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- कान्हा में जनवरी-फरवरी में कैमरे में ट्रैप हुआ था बाघ
- बाघ की पहचान कान्हा के टी-200 के रूप में हुई है

मध्यप्रदेश स्थित कान्हा टाइगर रिजर्व के बाघ को छत्तीसगढ़ के अचानकमार टाइगर रिजर्व में देखे जाने की पुष्टि मध्यप्रदेश के वन अफसर कर रहे हैं। बाघ की पहचान कान्हा के टी-200 के रूप में अफसर कर रहे हैं। कान्हा के बाघ का एटीआर में देखा जाना एक शुभ संकेत है। इससे बाघों के कॉरिडोर की मजबूती को बल मिलता है। मध्यप्रदेश के वन अफसर के मुताबिक, बाघ 400 किलोमीटर की दूरी तय कर कान्हा पहुंचा है।

कान्हा टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर पुनीत गोयल के अनुसार, अचानकमार टाइगर रिजर्व में लगाए गए कैमरों में एक नया बाघ स्पॉट हुआ। इसके बाद उन्होंने एनटीसीए में बाघ की आईडी जनरेट करने की कार्रवाई की। जहां इसकी पहचान कान्हा के बाघ टी-200 के तौर पर हुई। यह बाघ कान्हा के कैमरों में जनवरी-फरवरी में ट्रैप हुआ था और उसके बाद इसकी आईडी जनरेट हुई।

### आवाजाही से जेनेटिक लाभ

जानकारों के मुताबिक, कॉरिडोर से किसी भी प्रजाति के वन्यजीवों की आवाजाही बढ़ती है तो जीन फ्लो होता है। इस जीन डाइवर्सिटी से जेनेटिक में फायदा होगा। जलवायु परिवर्तन या कोई बीमारी फैलती है तो जितनी जेनेटिक विविधता होगी, प्रजाति के उतनी ही अधिक बचे रहने की संभावना रहेगी।

### संख्या बढ़ाने कॉरिडोर को मजबूत करने की जरूरत

गौरतलब है कि राज्य के अचानकमार के साथ इंद्रावती तथा गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व में पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश तथा महाराष्ट्र टाइगर रिजर्व के बाघ नियमित रूप से यहां आवाजाही करते हैं। बाघ जिस रूट से आवाजाही करते हैं, उनमें कई क्षेत्र ऐसे हैं, जहां लोग कृषि कार्य करने के साथ रहवासी क्षेत्र के रूप में उपयोग कर रहे हैं। राज्य में बाघों की संख्या बढ़ाने शासन के साथ वन विभाग को बाघ का कॉरिडोर मजबूत करने की जरूरत है। साथ ही वनों में जिन लोगों ने अवैध कब्जा किया है, उन्हें बेदखल करने की जरूरत है।

## साइंस कॉलेज चौपाटी के 64 स्टॉल आमानाका ओवरब्रिज वेंडिंग जोन में करेंगे शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- जोन-7 ने 5 दुकानों का किया विस्थापन, बाकी की शिफ्टिंग जल्द
- स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 5 करोड़ खर्च कर सालभर पहले बनवाई स्मार्ट चौपाटी

राजधानी के जीई रोड स्थित साइंस कॉलेज मैदान में बनाई गई चौपाटी के स्टॉल अब आमानाका ब्रिज के नीचे बन रहे वेंडिंग जोन में शिफ्ट किए जाएंगे। नगर निगम जोन 7 की टीम ने शनिवार को 5 बंद पड़े स्मार्ट कियोस्क को क्रेन की मदद से ओवरब्रिज के नीचे शिफ्ट कराया। बाकी के स्टॉल को जल्द विस्थापन कर नए वेंडिंग जोन में शिफ्ट कराया जाएगा। स्मार्ट चौपाटी में खानपान के 64 स्टॉल संचालित हैं।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा साइंस कॉलेज खेल मैदान के सामने 5 करोड़ खर्च कर बनवाई गई चौपाटी सालभर भी संचालित नहीं हो पाई। चर्चित चौपाटी के खानपान के स्टॉल हटाने का काम नगर निगम जोन-7 ने शुरू कर दिया है। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों का कहना है, 10 दिन के अंदर बाकी स्टॉल भी नए वेंडिंग जोन में शिफ्ट कराए जाएंगे। अधिकारियों का यह दावा है कि खाली कराई जाने वाली जगह पर युवाओं के लिए यूथ हब जैसी सुविधा विकसित कराई जाएगी। इधर चौपाटी में किराए पर लेकर खानपान का स्टॉल चलाने वाले वेंडरों में निगम के रवैये को लेकर आक्रोश व्याप्त है।

### 25 से 30 हजार हर माह देने वालों को झटका

राजधानी के प्राइम लोकेशन पर स्थित साइंस कॉलेज चौपाटी में जिन लोगों के एक-एक स्टॉल का 25 से 30 हजार रुपए प्रति महीने किराया देकर कारोबार शुरू किया, उन्हें इससे बड़ा झटका लगा है। सूत्रों के मुताबिक, चौपाटी से बेदखल छोटे कारोबारियों में निगम के रवैये को लेकर आक्रोश व्याप्त है। भुक्तभोगियों का कहना है, शुरू में 2- 3 माह तक किराया तक नहीं निकाल पाए थे, जब लोगों का चौपाटी में आना-जाना बढ़ने लगा तो हमें चौपाटी से बेदखल किया जा रहा है, यह गलत है। कुछ लोगों का ये भी कहना है, मुख्य मार्ग में व्यवसाय की संभावना को देखते हुए उन्होंने छोटे पैमाने पर कारोबार शुरू किया था, अब जिस जगह पर उनके खानपान के स्टाल को शिफ्ट किया जा रहा है, वहां तो दुकान का किराया निकलना मुश्किल हो जाएगा।

### 10 दिनों में होगी शिफ्टिंग

साइंस कॉलेज के सामने स्थित चौपाटी को आमानाका ओवरब्रिज के नीचे वेंडिंग जोन में शिफ्ट किया जा रहा है। दस दिनों तक यह शिफ्टिंग चलेगी। खाली कराई जा रही जगह पर युवाओं के लिए नई सुविधा विकसित करेंगे।
**- पीके पंचायती,** अतिरिक्त महाप्रबंधक तकनीकी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

### विवादों में रही साइंस कॉलेज की स्मार्ट चौपाटी

विदित हो, 2022-23 में एजुकेशन हब वाले एरिया में रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा 5 करोड़ की लागत से बनवाई खासी चौपाटी का खास विरोध भी हुआ। भाजपा नेताओं ने इसका विरोध करते हुए प्रदर्शन भी किया। खासकर के पूर्व मंत्री व क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने एजुकेशन हब चौपाटी बनाने का विरोध करते हुए जीई मुख्य मार्ग के सड़क किनारे पंडाल लगाकर भाजपा पार्षदों के साथ धरना भी दिया। यहीं नही एजुकेशन हब में चौपाटी बनाने को लेकर दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री से शिकायत की गई। इसके बाद भी चौपाटी निर्माण बंद नहीं हुआ। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद यह चौपाटी ज्यादा दिन नहीं चल पाई।

## रिंगरोड-हाईवे पर नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- शंकर नगर, पंडरी में अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई
- चार सौ से ज्यादा वाहन चालकों का चालान

एसएसपी के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने हाईवे तथा रिंगरोड पर एक्सीडेंट रोकने सर्विस रोड पर खड़ी गाड़ियों के मालिकों के खिलाफ नो पार्किंग की कार्रवाई की है। ट्रैफिक पुलिस ने चार सौ से ज्यादा वाहन चालकों तथा मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की है। ट्रैफिक पुलिस ने रिंगरोड-1 तथा 2 के साथ ही हाईवे से सटे सर्विस रोड पर वाहन पार्क करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, रिंगरोड में नो पार्किंग एरिया में खड़े 70 वाहन मालिकों तथा चालकों से जुर्माना वसूला गया है। इसमें ट्रक से लेकर ऑटो, बस तथा अन्य मालवाहक वाहन शामिल हैं। इसी तरह ट्रैफिक पुलिस ने निगम कर्मियों के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पंडरी तथा शंकरनगर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, रोड पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों की वजह से ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होती है। इस कारण अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## किरायेदारों को किफायती आवास योजना, नगर निगम ने दो साल में बांटे 9 हजार ईडब्लूएस फ्लैट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- राज्य शासन को 190 करोड़ का हितग्राही अंशदान मिलेगा
- नगर निगम के टैक्स में होगी वृद्धि, 9 हजार नए करदाता जुड़ेंगे

शहर में किराए के मकान में रहने वाले 9 हजार परिवारों को नगर निगम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किरायेदारों को किफायती आवास स्कीम में 2 साल में 9 हजार बहुमंजिला ईडब्लूएस फ्लैट उपलब्ध कराए हैं। इससे जहां हजारों परिवारों को किराए के मकान में रहने से मुक्ति मिली है, वहीं हितग्राही अंशदान के रूप में राज्य शासन को 190 करोड़ रुपए मिलेंगे। जबकि नगर निगम के राजस्व के नए वित्त वर्ष से 9 हजार नए करदाता जुड़ेंगे। इससे नगर निगम को करों के रूप में एक निश्चित रकम मिलनी शुरू हो जाएगी।

दरअसल रायपुर नगर निगम के 10 जोन में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के हितग्राहियों को शासन की योजना के तहत पक्के आवास उपलब्ध कराने नगर निगम ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 11 हजार से अधिक बहुमंजिला ईडब्ल्यूएस आवास का निर्माण कराया, जिसमें नियमानुसार झुग्गी बस्ती व्यवस्थापन के तहत पात्र परिवारों को पक्के आवास में विस्थापित करने की योजना रही। एक अरसे तक संबंधित आवासों में प्रभावित परिवारों का विस्थापन नहीं होने से ये आवास खाली रह गए। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने खाली पड़े ईडब्ल्यूएस आवास



को खंडहर होने से बचाने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत किरायेदारों के लिए किफायती आवास स्कीम के तहत शहर के अलग-अलग लोकेशन पर निर्मित ईडब्लूएस आवास का आवंटन करने ऑनलाइन आवेदन पत्र मंगाए गए। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि 11 हजार रिक्त ईडब्ल्यूएस आवास में से 9 हजार ईडब्लूएस आवास नियम के तहत ऑनलाइन आवेदन मंगाकर दस्तावेजों की जांच उपरांत पात्र हितग्राहियों को लॉटरी निकालकर आवंटित किए गए हैं। इससे पिछले 2 साल में 190 करोड़ रुपए हितग्राही अंशदान के रूप में राज्य शासन को 190 करोड़ रुपए मिलेंगे।

### पीएमवाई-2 के लिए 10 दिसंबर तक सर्वेक्षण

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना-1 में वर्ष 2015 तक पात्र हितग्राहियों का चयन कर पक्के आवास आवंटन में प्रमुखता दी गई। हाल ही में पीएमवाई-2 योजना का विस्तार करते हुए साल 2016 से 31 दिसंबर 2024 तक आवेदकों को इसमें मौका दिया गया है। योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने नगर निगम के दस जोन के 70 वार्डों में 10 दिसंबर तक सर्वेक्षण का कार्य निगम अमले द्वारा किया जा रहा है।

## चार संभागों को मिले 83 चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल की पहल पर संविदा नियुक्ति आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और सरगुजा संभाग के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में 83 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर रायपुर को 31, दुर्ग को 27, बिलासपुर को 22 तथा सरगुजा को 3 डॉक्टर मिले हैं।

एमबीबीएस और एमडी-एमएस की पढ़ाई पूरी कर चुके चिकित्सकों को संविदा आधार पर विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में नियुक्ति दी जा रही है। इससे लोगों को छोटी-मोटी बीमारियों के इलाज के लिए बड़े अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं होगी। इसी दौर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की पहल पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। इनमें रायपुर संभाग में चिकित्सा अधिकारी के रूप में डॉ. शुभम विश्वकर्मा, डॉ. प्रिदम्बिनी नायक, डॉ. तोयेष चंद्राकर, डॉ. स्मृति इंगोले, डॉ. साहिल कुमार, डॉ. मिलनदीप कौर, डॉ. देवांग शाह, डॉ. नीलम जायसवाल, डॉ. चंद्रशेखर जायसवाल, डॉ. वाय. मुनमुन, डॉ. यशवंत सोनी, डॉ. दीक्षा थवाईत, डॉ. ऋतम्भरा शर्मा, डॉ. वैशाली चौरसिया, डॉ. यूसुफ उस्मानी, डॉ. एम. शिवानी राव, डॉ. निशा पैकरा, डॉ. शिखा शुक्ला, डॉ. सोनाली अवधिया, डॉ. सुब्रनिल घोष, डॉ. सचिन अग्रवाल, डॉ. अम्मूनाथ अनमोल पांडेय, डॉ. प्रशांत कुमार पांडेय, डॉ. अदिबा खान, डॉ. श्रेया मुखर्जी, डॉ. एशिनी अग्रवाल, डॉ. प्रीति खलखो, डॉ. विकास सिंह, डॉ. विपिन कुमार सिंह, डॉ. संग्राम येरेवार, डॉ. मयंक शर्मा व बिलासपुर संभाग हेतु डॉ. सावी शुक्ला, डॉ. सोनाली प्रकाश, डॉ. धनंजय कुमार निर्मलकर, डॉ. विवेक पटेल, डॉ. कृष्ण कुमार कुम्भकार, डॉ. अदिति सिंह, डॉ. नीलमणि सिंह, डॉ. जॉन कुजूर, डॉ. पूजा सिंह, डॉ. निशि निर्मलकर, डॉ. प्रफुल्लता कंवर, डॉ. अमीशा टेकाम, डॉ. पूर्णिमा कंवर, डॉ. दिव्या अंकित रोहलेदार, डॉ. अनुभूति नंद, डॉ. अदिति मारिया लाकरा, डॉ. रितीशा वेरोनिका थॉमस, डॉ. प्रियंका सिंह पैकरा, डॉ. संदीप पटेल, डॉ. ज्योत्सना गुप्ता, डॉ. स्मृति रानी लकड़ा, डॉ. त्रिलोक जागीतानाथ हिमधर व दुर्ग संभाग हेतु डॉ. कृति ठाकुर, डॉ. दामिनी नाग, डॉ. शशांक बारले, डॉ. प्रिया चंदानन, डॉ. श्रीयम शुक्ला, डॉ. सुदीप्ता पाल, डॉ. संध्या कंवर, डॉ. सौरीन चटर्जी, डॉ. सुधांशु शेखर सेनापति, डॉ. नवेद मालिक, डॉ सुलेखा विंध्यराज, डॉ. मोनिका मरकाम, डॉ. हितेश प्रसाद पात्रे, डॉ. अंजलि आर. जोसेफ, डॉ. प्रणय दत्ता, डॉ. मोहम्मद असहर खान, डॉ. पलक मेश्राम, डॉ. रुपाली सिंह, डॉ. राजेश्वर प्रसाद हेटली, डॉ. अवधेश सिदार, डॉ. प्रतीक साहू, डॉ. प्रियंका गेन्ड्रे, डॉ. मो. अरशद अंसार, डॉ. सैयद ताजिश अली, डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव, डॉ. योगिता पांडरे, डॉ. भाविका टंडन के साथ सरगुजा संभाग हेतु डॉ. भोजमनियां, डॉ. प्रेमा कुजूर व डॉ. अभिषेक नामदेव को विभिन्न जिलों में पदस्थ किया गया है।



- रायपुर को 31, दुर्ग को 27, बिलासपुर 22 और सरगुजा को मिले 3 डॉक्टर

खबर संक्षेप



## कलार समाज ने किया बुजुर्गों का सम्मान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कलार समाज रामनगर गुढ़ियारी परिक्षेत्र मंडल द्वारा राजराजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु जयंती एवं बुजुर्गों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही युवक, युवती परिचय सम्मेलन भी रखा गया। कार्यक्रम बुद्ध विहार अशोक नगर गुढ़ियारी में रविवार को हुआ, जिसमें मंडलेश्वर पुरुषोत्तम जायसवाल एवं युवा मंच अध्यक्ष कुंदन कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज के प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा, छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुबोध हरितवाल, युवा मंच प्रातीय उपाध्यक्ष नंदू सिन्हा, भुवन सिन्हा, सत्यनारायण सिन्हा, मोहन सिन्हा, सुशील सिन्हा, राजू सिन्हा, भीम सिन्हा, सालिकराम सिन्हा, जित्तू सिन्हा, हेमू सिन्हा, पप्पू सिन्हा, बंशी सिन्हा, महेश सिन्हा आदि शामिल थे।

## मुख्य अभियंता राजेश शर्मा सेवानिवृत्त

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर में 42 वर्ष तक सेवाएं देने के बाद 30 दिसंबर को अर्द्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर मुख्य अभियंता राजेश शर्मा सेवानिवृत्त हो गए। वर्ष 1983 के दौरान नगर निगम रायपुर में अभियंता के रूप में नियुक्त श्री शर्मा ने रायपुर नगर निगम के मुख्यालय भवन, शहीद स्मारक भवन, सरदार बलवीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, तेलीबांधा तालाब सौंदर्यीकरण विकास योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण विकास योजनाओं के कार्यों में नगर निगम के योजना विभाग की टीम को तकनीकी सुझाव व मार्गदर्शन दिया। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने राजेश शर्मा द्वारा नगर निगम को दी गई सेवाओं की सराहना की। अधीक्षण अभियंता रहे श्री शर्मा ने नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय तकनीकी प्रकोष्ठ के मुख्य अभियंता के कार्य दायित्व का निर्वहन किया।



## कांग्रेस की सरकार में महापौर क्यों नहीं लाए फंड

**रायपुर।** नगर निगम महापौर एजाज ढेबर के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रहते महापौर एजाज ढेबर रायपुर के 70 वार्डों के विकास के लिए कभी अधोसंरचना मद से राशि नहीं ला पाए। तुंहर द्वार तुंहर सरकार शिविर 2021-22 में 70 वार्डों में लगाया गया। लगभग 37 हजार आवेदन इस शिविर में आए, जिनमें 7 हजार से अधिक आवेदन सड़क, बिजली, पानी, विद्युत पोल, नाली निर्माण से संबंधित थे, जिसके निराकरण के लिए 24 करोड़ रुपए की राशि राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन विभाग से मांगी थी, वह राशि महापौर और कांग्रेस के 3 विधायक अपने ही कांग्रेसी मुख्यमंत्री से नहीं ला पाए तो महापौर ढेबर जी, आपको 4 साल का समय मिला था, जब आपके शहर में 3 विधायक और मुख्यमंत्री भी कांग्रेसी ही थे तो आप करा लेते। 24 करोड़ रुपए लाकर 7000 आवेदनों का निराकरण करा लेते।

पेज 7 के शेष

### रातभर लाइन ...

को बताया गया कि कर्मचारियों की कमी होने के कारण रेलवे टिकिट काउंटर बंद है। यह जानकारी मिलते ही रात भर जाग कर अपना समय व्यतीत करने वाले यात्रियों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। पोस्ट ऑफिस की मनमानी पर अपना आक्रोश व्यक्त करते रहे।

### राज्य स्तरीय युवा ...


कार्यक्रम के समापन पर दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय अंजोरा, दुर्ग के कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह ने उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए पुरस्कार प्रदान किया।

# रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव समेत 22 जिलों में रोड एक्सीडेंट से मौत के मामलों में इजाफा

## जनवरी से अक्टूबर 2023 तक के मुकाबले 2024 में सवा छह प्रतिशत अधिक मौतें दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्य में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और हादसे कम करने के तमाम उपायों के बीच भी पूरे छत्तीसगढ़ में रोड एक्सीडेंट में जान गंवाने वालों की संख्या बढ़ी है। पुलिस मुख्यालय की यातायात शाखा ने वर्ष 2023 और 2024 में जनवरी से लेकर अक्टूबर तक हुए रोड एक्सीडेंट के जो आंकड़े जारी किए हैं, उससे ये तथ्य सामने आया है कि प्रदेश के 22 जिलों में पिछले साल से सवा छह प्रतिशत अधिक लोगों की जान गई है। राज्य के 10 जिलों में ही सड़क दुर्घटना से मरने वालों की संख्या में कमी आई है।



### इन जिलों में बढ़े एक्सीडेंट से मौत के मामले

राज्यभर के 22 जिलों में एक्सीडेंट से मरने वालों की संख्या में बढ़ोतरी 2024 में अक्टूबर तक हुई है। इन जिलों में रायपुर, गरियाबंद, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, कबीरधाम, मुंगेली, कोरबा, रायगढ़, सरगुजा, कोरिया, बलरामपुर, जशपुर, कोंडागांव, बीजापुर, नारायणपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, मनेंद्रगढ़- चिरमिरी-भरतपुर जिला शामिल है। दूसरी ओर जिन जिलों में पिछले साल के मुकाबले मौत के मामले कम हुए हैं, उनमें बलौदाबाजार, महासमुंद, धमतरी, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सूरजपुर, जगदलपुर, कांकेर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिला शामिल है।

पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, 2023 में राज्य के सभी जिलों में कुल मिलाकर एक्सीडेंट की 11 हजार 374 घटनाएं हुई थीं, लेकिन 2024 में यही आंकड़ा बढ़कर 12 हजार 309 हो गया है। इस तरह एक्सीडेंट के कुल मामलों की संख्या 935 बढ़ी है। इन घटनाओं में 2023 में मरने वालों की कुल संख्या 5 हजार 171 थी, 2024 में मरने वालों की संख्या 5 हजार 493 हो गई। मौतों की संख्या भी 322 बढ़ी है। इस प्रकार कुल मिलाकर पिछले साल के दस महीनों के मुकाबले इस साल मरने वालों की संख्या करीब सवा 6 प्रतिशत बढ़ गई है।

## कई जिलों में इसी तरह के हालात, किसानों की बढ़ेगी दिक्कत

# उपार्जन केंद्रों में पहुंचा धान का बफर स्टॉक जगह पर्याप्त नहीं होने से खरीदी प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर/राजनांदगांव/धमतरी

छत्तीसगढ़ में 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू की गई है। 11 दिनों में अब तक 18.09 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। राज्य में अब तक 3.85 लाख किसानों ने अपना धान बेचा है। खरीदी केंद्रों से धान के उठाव को लेकर मिलरों से अनुबंध न होने के कारण कई जिलों के खरीदी केंद्रों से धान रखने की जगह कम पड़ रही है। वहीं मार्कफेड द्वारा खरीदी केंद्रों से उठाव कर संग्रहण केंद्रों में धान रखने की अनुमति दी जानी थी। कई जिलों में उसके लिए परिवहन अनुबंध का आदेश जारी न होने के कारण उठाव नहीं हो पा रहा है।

- **बारिश के चलते नमी बढ़ने से धान खरीदी पर भी पड़ेगा असर**

जानकारी के अनुसार, बालोद, धमतरी, बेमेतरा, दुर्ग, महासमुंद, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा, मुंगेली समेत कई अन्य जिलों में लाखों टन धान की खरीदी हो चुकी है। खरीदी केंद्रों से उठाव नहीं होने के कारण यहां पर और धान रखने की जगह नहीं होने से आगे की खरीदी अटकने के आसार हैं। बालोद जिले के 88 खरीदी केंद्रों में करीब 10 लाख क्विंटल धान जाम पड़ा है। उठाव नहीं होने के कारण यहां आगे की खरीदी पर प्रभाव पड़ सकता है। बताया गया कि पूरे जिले में 14 नवंबर से अब तक 10 लाख 46 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। वहीं बेमेतरा जिले में 38 खरीदी केंद्रों में धान का उठाव नहीं होने से यहां पर रखने की जगह नहीं है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि यहां पर परिवहन अनुबंध आदेश जारी नहीं होने के कारण धान का उठाव नहीं हो पा रहा है। वहीं धमतरी जिले के सांकरा, नगरी के खरीदी केंद्रों में 5 लाख टन से अधिक का धान जाम है। यहां पर कई खरीदी केंद्रों से संग्रहण केंद्रों के लिए उठाव की अनुमति दी गई है। परिवहन अनुबंध के कारण कई खरीदी केंद्रों से धान का उठाव नहीं हो रहा है।

### दुर्ग जिले के 46 केंद्रों में बफर स्टॉक

दुर्ग जिले में 102 खरीदी केंद्रों के माध्यम से धान खरीदी हो रही है। इनमें से 46 केंद्रों में धान रखने की जगह नहीं है। अंडा, जामगांव आर, डीडाभाठा, नगपुरा, निकुम, निपानी, जामगांव एम, फेकारी, बटरेल, बरहापुर, राहटादाह, रौंदा, सेलूद, सुरपा, सांतरा, तिरगा आदि धान खरीदी केंद्रों में धान रखने की जगह नहीं है। जिले में 19212 किसानों से 8 लाख 93 हजार 460 क्विंटल धान खरीदी हुई है। जबकि जिले में 1 लाख 14 हजार 775 किसानों से 67 लाख क्विंटल धान की खरीदी होनी है। केंद्रों में निर्धारित लिमिट से इतना ज्यादा धान जाम हो गया है कि इसके परिवहन में ही एक सप्ताह लग जाएंगे। ऐसी स्थिति में आने वाले दिनों में धान खरीदी प्रभावित हो सकती है।



### बारिश बन सकती है आफत

धान खरीदी के समय फेंगल चक्रवात के प्रभाव से राज्य के 17 से अधिक जिलों में पांच दिनों तक बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। खरीदी केंद्रों में धान को बारिश से बचाने के अलावा किसानों के सामने कटे हुए धान को बचाने की जुगत करनी पड़ेगी। वहीं खरीदी केंद्रों में 17 प्रतिशत से अधिक नमी आने पर धान की खरीदी प्रभावित हो सकती है। किसानों के बारिश आफत बनकर आ रही है।

### 10 प्रतिशत कटाई शेष

प्रदेश में धान की फसल पककर तैयार होने के बाद किसानों ने दीपावली के बाद कटाई शुरू की थी। अब भी प्रदेश में धान की 10 प्रतिशत खड़ी फसल की कटाई नहीं हो पाई है। बारिश से इन फसलों को नुकसान होने और आगे अगले पांच दिन तक कटाई में व्यवधान के चलते किसानों को दिक्कत हो सकती है। जिन किसानों की फसल कट कई है, उसे बचाने किसानों को फसल अपने घरों में रखनी पड़ेगी। नमी अधिक होने के कारण अभी इसे बेचना मुश्किल होगा।

### धान जाम, गड़बड़ाने लगी व्यवस्था



धमतरी जिले में सवा लाख क्विंटल से ज्यादा धान की खरीदी एक दिन में हो रही है। जिले के सभी खरीदी केंद्रों में अब तक 12 लाख 79 हजार 349 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। उठाव में सुस्ती के चलते अब तक 1 लाख 23 हजार 30 क्विंटल धान का ही परिवहन हो पाया है। शेष 11 लाख 56 हजार क्विंटल धान अभी भी समितियों में जाम पड़ा हुआ है। कई खरीदी केंद्रों की बफर लिमिट काफी कम है। धान का स्टाक ज्यादा होने से वहां पर खरीदी व्यवस्था डगमगाने लगी है। बड़े खरीदी केंद्रों में भी व्यवस्था प्रभावित हो रही है। दो दिन से बारिश और मौसम खराब होने से खरीदी केंद्रों में धान को सुरक्षित रखने के लिए कर्मचारी जुटे हुए हैं।

### परिवहन ठप, केंद्रों में लिमिट से दोगुना धान

राजनांदगांव, खैरागढ़ सहित मोहला-मानपुर जिले में परिवहन ठप होने के चलते केंद्रों में धान जाम हो गया है। हालत ये है कि उपार्जन केंद्रों में क्षमता के मुकाबले दो से तीन गुना तक धान का स्टॉक जमा हो गया है। ऐसी स्थिति में अब खरीदी पर संकट के बादल छा गए हैं। जबकि इन तीन जिलों में लगभग 55 हजार किसानों से 28 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। सबसे बुरा हाल राजनांदगांव जिले का है, जहां 15.67 लाख क्विंटल खरीदी के बाद भी महज 5500 क्विंटल धान का ही उठाव हो पाया है। वहीं खैरागढ़ जिले में 8.50 लाख क्विंटल खरीदी के बाद महज 9670 क्विंटल धान का ही उठाव हो पाया है। मोहला-मानपुर जिले में धान का परिवहन शून्य है।

## 268 दीपों की जगमग रोशनी के साथ हुआ गुरुपर्व का आगाज



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सतनामी समाज के आराध्य बाबा गुरु घासीदासजी की इस माह 18 दिसंबर को 268 वीं जयंती है। इसी कड़ी में रविवार को गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के पदाधिकारियों ने गुढ़ियारी के मिनीमाता चौक, मंगल बाजार, आंबेडकर चौक स्थित पवित्र जैतखाम में 268 दीप जलाकर गुरुपर्व का आगाज किया। अकादमी के प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि दिसंबर माह के लगते ही गुरुपर्व प्रारंभ हो जाता है, जो लगातार 31 दिसंबर तक चलता है। आज जय-जय सतनाम के जयघोष के बीच मुख्य अतिथि छग राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष केपी खंडे ने मंगल आरती के साथ जैतखाम की विशेष पूजा-अर्चना कर प्रथम दीप जलाते हुए प्रदेशवासियों के लिए सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि गुरु घासीदास शोधपीठ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जेआर सोनी, रायपुर नगर निगम अनुसूचित जाति, जनजाति विभाग के अध्यक्ष सुंदर लाल जोगी तथा अकादमी के प्रदेश प्रवक्ता चेतन चंदेल सहित वहां उपस्थित महिलाओं, बच्चों एवं युवाओं ने सामूहिक रुप से अपने-अपने हाथों से एक-एक दीप जलाकर पूरे जैतखाम परिसर को रोशनी से जगमग कर दिया। इस दौरान समाजजनों को अपने-अपने क्षेत्र के सभी पवित्र जैतखाम, घरों के मुख्य द्वार व आंगन में नियमित दीप जलाकर गुरु वंदना, मंगल आरती का आव्हान किया।

- **सभी पवित्र जैतखाम व घरों के मुख्य द्वार पर दीप जलाकर गुरु वंदना करने का आव्हान**

*ये रहे उपस्थित* : इस अवसर पर पं. अंजोर दास बंजारे, ईश्वर जोगी, दीपक महेश्वर, ओमप्रकाश रात्रे, राधे घृतलहरे, ईश्वर जांगड़े, बलराम गायकवाड़, राजेश बघेल, लखनु मारकंडे, मोहिनी पाटले, तीजन मारकंडे, बिरीज लहरे, देवला लहरे, सूरुज महेश्वरी, शीला बंजारे, संतोषी टंडन, रिया चेलक, मोनिका टंडन, मधु जांगड़े, संगीता गिलहरे, सुरूज गेन्ड्रे, संतोषी डहरिया आदि उपस्थित थे।

### भूपेंद्र सवन्नी नगरीय निकाय और सौरभ सिंह पंचायत चुनाव के बनाए गए प्रदेश प्रभारी

# राष्ट्रीय नेताओं के सामने डिप्टी सीएम शर्मा का बड़ा ऐलान- निकाय-पंचायत चुनाव होंगे साथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में इस बार नगरीय निकाय के साथ ही पंचायत चुनाव भी कराने पर भाजपा के सारे नेता एकमत हैं। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में रायपुर और दुर्ग संभाग के साथ बैठक के बाद अब यह तय हो गया है कि प्रदेश सरकार दोनों चुनाव एक साथ कराएगी। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बैठक में बड़ा ऐलान करते हुए कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर हम राज्य में दोनों चुनाव एक साथ कराएंगे। भाजपा ने जहां नगरीय निकाय चुनाव का भूपेंद्र सवन्नी को प्रदेश प्रभारी बनाया है, वहीं पंचायत चुनाव के प्रदेश प्रभारी का जिम्मा सौरभ सिंह को दिया गया है।

बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश ने कहा, पंचायत और नगरीय निकाय के चुनाव में भाजपा या हमारी विचारधारा के समर्थक साथी आएंगे तो जनता के पैसे बर्बाद नहीं होने देंगे। शिवप्रकाश ने कहा, आगामी दोनों चुनावों में हम पूरे आत्मविश्वास के साथ जनता के बीच अपनी सरकार का रिपोर्ट कार्ड लेकर जनता-जनार्दन तक पहुंचें और पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम लहराने के इस अवसर को अपना लक्ष्य बनाएं। शिवप्रकाश ने बाद में संभाग प्रभारियों और प्रदेश महामंत्रियों की बैठक लेकर दलीय गतिविधियों की समीक्षा की और आगामी नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत मार्गदर्शन किया।




### कार्यकर्ताओं को नेतृत्व देने वाले चुनाव हैं : नवीन

भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने कहा, ये चुनाव कार्यकर्ताओं को नेतृत्व देने वाले चुनाव हैं, लीडरशिप बनाने का चुनाव है। हम सब यह तय करें कि हमारी इन चुनावों में भूमिका क्या होगी। हिमाचल हो या कर्नाटक, कांग्रेस की सरकारों का हाल देखें जो अपने किए वादे पूरे नहीं कर पाई है, लेकिन छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने जो काम किया है, वह ऐतिहासिक है। किरण देव ने कहा, जनता भी अब चाहती है कि पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा के प्रतिनिधि नेतृत्व करें।

# बघेल बोले- बारिश से धान को बचाने करें पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल ने तमिलनाडु में आए चक्रवाती तूफान फेंगल के मद्देनजर छत्तीसगढ़ में बारिश की संभावना को देखते हुए धान को बारिश से बचाने सावधानी बरतने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने खाद्य विभाग के सचिव और मार्कफेड के प्रबंध संचालक के माध्यम से सभी जिलों के कलेक्टरों से समन्वय कर धान को बारिश से बचाने पुख्ता इंतजाम करने को कहा है। उन्होंने धान के स्टेक ढंकने तिरपाल आदि की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री श्री बघेल ने बताया कि दूसरे राज्यों से धान की अवैध आवक/परिवहन की रोकथाम के लिए बॉर्डर इलाकों में विशेष निगरानी रखने के लिए चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं। धान खरीदी व्यवस्था पर निगरानी के लिए अलग-अलग जिलों के लिए राज्य स्तरीय वरिष्ठ अधिकारियों की टीम बनाई गई है, जो लगातार इसकी मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

- **मंत्री ने खाद्य सचिव और मार्कफेड के एमडी को दिए निर्देश**

# भूपेश ने बनाया गैर राजनीतिक संगठन छत्तीसगढ़ मितान क्लब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ मितान क्लब के नाम से गैर राजनीतिक संगठन बनाया है। राजीव युवा मितान से जुड़े युवा इसमें शामिल हैं। नए संगठन की कमान गिरीश देवांगन को सौंपी गई है। संगठन की एक बैठक हो चुकी है, इससे प्रदेश कांग्रेस संगठन के बड़े नेताओं को दूर रखा गया है।

पूर्व सीएम के नए संगठन को लेकर कांग्रेस में हलचल मची हुई है। छत्तीसगढ़ मितान क्लब के सदस्यों की बैठक गुरुवार और शुक्रवार को सरोना के सिद्धि विनायक मैरिज हॉल में हुई। कोरबा, राजनांदगांव और अन्य जिलों के करीबी तीन सौ युवा इसमें शामिल हुए। ये सभी राजीव गांधी युवा मिलान क्लब के सदस्य थे। उन्हें एक हजार रुपए मासिक मानदेय भी मिलता था। सभी जिलों में क्लब अस्तित्व में आ चुका था। साय सरकार ने आते ही क्लब को बंद कर दिया गया। राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों को भूपेश बघेल ने नए संगठन छत्तीसगढ़ मितान क्लब से जोडने के पहल की है। संगठन की पहली बैठक में भूपेश बघेल के करीबी नेता ही शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व सीएम के सलाहकार प्रदीप शर्मा, गिरीश देवांगन, सन्नी अग्रवाल, प्रमोद दुबे, राजनांदगांव की हेमा देशमुख, कई जनपद अध्यक्ष और युवक कांग्रेस के पदाधिकारी भी थे।

### काम करने से बनेगी पहचान : बघेल

श्री बघेल ने कहा, राजीव युवा मितान क्लब का गठन हुआ था। क्लब के सदस्यों ने काम भी किया था, लेकिन काम को लेकर पहचान नहीं बनी है। किसी भी संगठन की पहचान उसके कार्यकर्ताओं से होती है। सत्ता के संरक्षण में पहचान नहीं बनती। सत्ता के बाहर रहने से आदमी संघर्ष करता है, तब उसका व्यक्तित्व निखरता है। उन्होंने कहा, आप लोग गली-मोहल्लों में काम करेंगे तो पहचान बनेगी।

**बनाया गया रोडमैप :** बैठक में आने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। सभी जिलों में अलग-अलग मुद्दों को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, प्रभातफेरी निकाली जाएगी। क्लब की गतिविधियों को लेकर ग्रुप का गठन किया जाएगा। क्लब की अगली बैठक जल्द होगी।



## खबर संक्षेप

### कुरदी के प्राधिकृत अध्यक्ष सोमन ने संभाला पदभार

**बालोद/सिकोसा।** सेवा सहकारी समिति कुरदी के नए प्राधिकृत अध्यक्ष के रूप में सोमन निषाद ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने किसान और समिति हित में काम करने की बात कही। किसानों को धान खरीदी में कोई दिक्कत ना हो इस बात का भी पूरा ध्यान रखेंगे। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष एचएल साहू, सरपंच संजय साहू, महामंत्री भाजपा अर्जुंदा मंडल पवन सोनवर्षा, पूर्व प्रा. अध्यक्ष रेवा राम सिन्हा, केशुराम साहू, सरपंच लवन चंद्राकर, सरपंच संतोष तारम, पंकज चौधरी, उपसरपंच इलाराम ठाकुर सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### जगन्नाथपुर में मितानिनों का किया गया सम्मान

**बालोद।** ब्लाक के ग्राम जगन्नाथपुर के पंचायत में शनिवार को मितानिन सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सरपंच अरुण साहू ने गांव की समस्त मितानिनों को मोमेंटो, प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया और उनके कार्यों की सराहना की।

### माहुद (बी) के प्राधिकृत अध्यक्ष प्रदीप ने लिया पदभार

**बालोद/सिकोसा।** सेवा सहकारी समिति माहुद (बी) के नए प्राधिकृत अध्यक्ष के रूप में प्रदीप ठाकुर ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने किसान और समिति हित में काम करने की बात कही। किसानों को धान खरीदी में कोई दिक्कत ना हो इस बात का भी पूरा ध्यान रखेंगे। कार्यक्रम में अवसर में दीलीप कुल्हाडे, सुरेश यादव, शशी बाई, ईश्वर ढेलूराम, दयालदास, भूपेन्द, धनीराम, डा नारायण साहू, चोवाराम, धनीराम व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### संविधान रक्षक अभियान की राजनांदगांव प्रभारी बनीं विधायक संगीता

**बालोद।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा भारतीय संविधान की रक्षा के लिए 26 नवंबर से 26 जनवरी तक 60 दिवसीय संविधान रक्षक अभियान का शुभारंभ 26 नवंबर को किया गया है। जिसके तहत इस कार्यक्रम के लिए बालोद जिले का जिला प्रभारी पंकज महावर को बनाया गया है और कार्यक्रम प्रभारी अरूण वोरा को बनाया गया है। वही जिले के बालोद विधायक संगीता सिन्हा को राजनांदगांव शहर का कार्यक्रम प्रभारी बनाया गया है।

**तैयारी :** नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव को लेकर कलेक्टर शर्मा ने दिए निर्देश

# सभी अधिकारी-कर्मचारी आचार संहिता का पालन कर चुनाव की निष्पक्षता का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

निष्पक्ष और निर्विघ्न चुनाव कराने के लिए कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष में नगरीय निकाय त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की गई और चुनाव प्रक्रिया को सुचारू और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदान केंद्रों की सुरक्षा, ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) और अन्य चुनावी सामग्री की समय पर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मतदाता जागरूकता अभियान जाबो कार्यक्रम चलाने और निष्पक्षता बनाए रखने पर भी जोर दिया। चुनाव में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को विशेष तैयारी के निर्देश दिए गए। उप निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग ने नगरीय निकाय व त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव से संबंधित सभी गाइडलाइनों को विस्तार से बताया। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया के हर चरण को स्पष्ट किया, जिसमें नामांकन, मतदाता सूची, मतदान केंद्रों की व्यवस्था, ईवीएम या बैलेट पेपर का इस्तेमाल, और मतगणना की प्रक्रिया शामिल थी। अंकिता गर्ग ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को चुनाव आचार संहिता का पालन करने और चुनाव की निष्पक्षता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाताओं की सुविधा का भी विशेष रूप से उल्लेख किया। इसके साथ ही, उन्होंने बताया कि मतदान के दौरान किसी भी समस्या से निपटने के लिए हेल्पलाइन नंबर और आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।



### सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं

कलेक्टर ने चुनाव के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान केंद्रों पर उचित लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त रोशनी, पानी, शौचालय और छाया जैसी बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने विशेष रूप से वृद्ध, महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं के लिए सुविधा प्रदान करने पर जोर दिया। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए, ताकि शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित चुनाव प्रक्रिया पूरी हो सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, अपर कलेक्टर भारद्वाज, अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी सर्व एसडीएम, सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार और भू-अभिलेख के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### 14 से पहले पूर्ण कर लें सभी निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण

कलेक्टर ने पंचायत चुनाव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि 14 दिसंबर से पहले सभी निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण (ट्रेनिंग) पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारी और कर्मचारी समय पर प्रशिक्षण प्राप्त करें ताकि मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि न हो। प्रशिक्षण में ईवीएम या बैलेट पेपर के उपयोग, मतगणना, और चुनाव से जुड़े नियमों और दिशा-निर्देशों की जानकारी दी जाए। कलेक्टर ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम समयबद्ध और प्रभावी तरीके से आयोजित हों।

## पैरालीगल वॉलेंटियर्स, लोगों को एड्स के प्रति किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

बृजेन्द्र कुमार शास्त्री प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन व निधि शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में पैरालीगल वॉलेंटियर्स द्वारा जिला जेल ,प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जेवरा एवं ग्राम गाड़ाडीह में विश्व एड्स दिवस कार्यकम का आयोजन किया गया।

जिसमें लोगों को बताया कि एड्स एक लाइलाज बीमारी है जो असुरक्षित यौन संबंध, एचआईव्ही से संक्रमित व्यक्ति के इंजेक्शन को किसी दूसरे व्यक्ति के साथ साझा करने से, गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपात के दौरान अगर कोई महिला एचआईव्ही से संक्रमित है तो वह अपने बच्चे को भी संक्रमित कर सकती है एवं संक्रमित व्यक्ति के द्वारा रक्त का आदान-प्रदान करने से भी एड्स हो सकता है। एड्स से ग्रसित व्यक्ति में इम्यून सिस्टम बनना बंद हो जाता है। शुरूआत के लक्षण सर्दी, जुकाम, खांसी से प्रारंभ होता है, जो हमेशा बने रहता है और वजन कम होने लगता है। साथ ही एड्स से ग्रसित व्यक्ति में रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कम हो जाती है। एड्स से बचाव के उपाय बताते हुए यह भी कहा कि यह एक वायरस है जो पानी एवं हवा से नहीं फैलता है साथ ही एचआईव्ही पीड़ित महिला भी एक स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दे सकती है। एड्स पीड़ित व्यक्ति को समाज में सम्मान के साथ जीने का हक है उसके साथ संवेदना पूर्ण व्यवहार करना चाहिए इसे छुआछूत की भावना से नहीं देखने का भी संदेश दिया। उक्त कार्यकम में जेल अधीक्षक दिनेश चन्द्र धव, नर्स स्टॉफ दिपांजली डेनियल एवं समस्त पैरालीगल वॉलेंटियर्स उपस्थित थे।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में हुआ एड्स के संबंध में जागरुकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

ज़िला मुख्यालय स्थित लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर जिला स्वास्थ्य विभाग एवं जीवन रेखा फाउंडेशन के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और समाज में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की शुरुआत रंगोली प्रतियोगिता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से हुई, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके साथ ही एड्स जागरूकता पर एक रैली भी निकाली गई, जिसमें छात्राओं ने रेड रिबन प्रतीक के साथ समाज को जागरूक करने के लिए विभिन्न संदेश दिए। इस अवसर पर रेड रिबन प्रभारी डॉ. मेघा तिवारी ने एचआईवी एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं और इसके बचाव के तरीकों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन दीनानाथ सारथी द्वारा किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विनिता गौतम की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीसीआरटी प्रशिक्षण में अपनी प्रतिभा दिखाएंगी बेमेतरा की शिक्षिका प्रतिभा

**बेमेतरा।** विकासखण्ड बेरला के शासकीय प्राथमिक शाला बेरला सीबीएसई स्कूल की शिक्षिका प्रतिभा साहू का चयन सीसीआरटी प्रशिक्षण राजस्थान के केन्द्र उदयपुर लिए हुआ है, जिसमें प्रतिभा साहू हमारे छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह प्रशिक्षण 11 से 20 दिसंबर तक आयोजित किया गया है। जिसका विषय हमारी सांस्कृतिक विविधता है। इस प्रशिक्षण में अलग-अलग राज्य से शिक्षक शामिल होंगे और हमारे छत्तीसगढ़ राज्य के बेमेतरा जिले के बेरला ब्लॉक से शासकीय प्राथमिक शाला शिक्षिका प्रतिभा साहू शामिल होकर राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। इससे पहले भी 14 नवंबर बाल दिवस के अवसर पर शिक्षिका प्रतिभा साहू ने अपनी कक्षा- 3 के 48 बच्चों का एफएलएन पर आधारित गणित विषय पर कार्य कर रहे चारों ब्लॉक ईएलपीएस पर कार्य किए गए अपने चार महीने जुलाई से अक्टूबर 2024 तक का अनुभव साझा शिक्षिका प्रतिभा साहू के द्वारा किया गया था।



## शैक्षणिक भ्रमण, व्यक्तित्व को मजबूत करता है : भावना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल ने छात्र-छात्राओं के समग्र और निरंतर विकास के लिए दो प्रेरणादायक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया, जिन्होंने कक्षा 11वीं के विज्ञान संकाय और कक्षा 12वीं के वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों को नई तकनीकों, उद्योगों और प्राकृतिक संसाधनों के विषय में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने का अभूतपूर्व अवसर प्रदान किया। 89 छात्र-छात्राओं ने वक्रांगी मेटल फैक्ट्री का किया भ्रमण वाणिज्य विभाग के 89 छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यालय तिल्दा स्थित वक्रांगी मेटल फैक्ट्री का भ्रमण किया, जहां विद्यार्थियों ने उद्योग के उत्पादन विभागों का विस्तृत अध्ययन किया, जिनमें सोलर डिवीजन, रेलवे डिवीजन और इलेक्ट्रिक पोल निर्माण शामिल थे। इसी प्रकार वक्रांगी पैकेजिंग में छात्र-छात्राओं ने थैलों और बोरों के निर्माण प्रक्रिया का निरीक्षण किया, साथ ही श्रम प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन और उत्पादन से वितरण तक के प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं को समझा। विज्ञान केंद्र रायपुर में विज्ञान विद्यार्थियों के लिए नवाचार और खोज का अनुभव किया।

विद्यालय संचालिका भावना बोहरा ने कहा, कि हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर, रचनात्मक और समाधान-केंद्रित बनाना है। ये शैक्षणिक भ्रमण न केवल उनके ज्ञान का विस्तार करती हैं, बल्कि उनके व्यक्तित्व को भी मजबूती प्रदान करती हैं। इस भ्रमण ने विद्यार्थियों को उनकी कक्षाओं में सीखे गए सिद्धांतों को वास्तविक जीवन में देखा और समझा, जिससे उनकी सोच और आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है।

## प्रश्नोत्तरी व रंगोली प्रतियोगिता से दिया मतदाता जागरुकता का संदेश




**बेमेतरा।** भिंभौरी महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंजली निषाद, जागृति चेलक और पदमिनी निषाद बी.ए. द्वितीय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीए प्रथम सेमेस्टर की पूनम धीवर और सपना बंजारे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

बीकाम और प्रथम सेमेस्टर के दुलेश्वर, पूरन और अमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत महाविद्यालय में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में धनेश्वरी साहू बीएससी प्रथम सेमेस्टर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं जागृति चेलक बीए द्वितीय, दूसरे स्थान पर रही। स्वीप नोडल अधिकारी जीएस भारद्वाज ने बताया कि जिला निर्वाचन कार्यालय बेमेतरा के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ समीर ठाकर ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलाई। कार्यक्रम में डॉ रामकृष्ण साहू, डॉ मौसमी पन्ना, रोज बाघमारे, रेणुका सोनी, अजय जैन, सरस्वती, पुरषोत्तम टंडन, धनेन्द्र साहू, नीलमणि मानिकपुरी, मनीषा साहू,अवनी दुबे और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नवाचार व रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगी शिक्षा संकल्प पत्रिका

### जिला शिक्षा अधिकारी ने मासिक पत्रिका शिक्षा संकल्प का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी के शिक्षक देवेन्द्र कुमार साहू द्वारा निर्मित ई-पत्रिका का विमोचन जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र कुमार वर्मा , विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरूण कुमार खरे के द्वारा किया गया। यह पत्रिका मासिक रूप से प्रकाशित होगी और इसे वेबसाइट के माध्यम से आसानी से पढ़ा और डाउनलोड किया जा सकेगा। इस पत्रिका की खास बात यह है कि यह पूरी तरह से निःशुल्क उपलब्ध है, जिससे यह ज्ञान और रचनात्मकता के प्रसार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह ई-पत्रिका केवल सूचनाओं का संग्रह नहीं है, बल्कि विचारों, संकल्पों और रचनात्मकता का एक अनूठा संगम है। इसे विद्यार्थियों और शिक्षकों के योगदान से समृद्ध किया गया है। पत्रिका /"शिक्षा संकल्प/" का प्राथमिक उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम विकास और विद्यालय शिक्षण में हो रही गतिविधिओं को सभी के समक्ष प्रस्तुत करना है। इसके माध्यम से स्कूल में आयोजित विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों, जैसेः चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध लेखन, लेख लेखन जैसी रचनात्मक पहल और इन प्रतियोगिताओं की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। यह पत्रिका केवल अकादमिक सफलता पर केंद्रित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों में नैतिक सिद्धांतों और सामाजिक दायित्वों की स्थापना करना है। शिक्षा संकल्प पत्रिका में प्रकाशित सामग्री छात्रों को रचनात्मकता, मूल्यों और जिम्मेदारी की भावना से जोड़ती है। इसके अलावा, यह पत्रिका शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐसा मंच प्रदान करती है, जहाँ शिक्षक और छात्र अपने विचारों और संकल्पों को साझा कर सकते हैं। यह प्लेटफ़ॉर्म उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को उजागर करने और उन्हें प्रोत्साहित करने का एक सशक्त माध्यम बनेगा।




जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे नवाचार और रचनात्मकता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। जिला मिशन समन्यक नरेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा की शिक्षा संकल्प न केवल शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है, बल्कि यह समाज को शिक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। बीईओ अरूण कुमार खरे ने कहा की यह मासिक ई-पत्रिका निश्चित रूप से शिक्षण और शिक्षण से जुड़े हर व्यक्ति के लिए एक अमूल्य संसाधन साबित होगी।

## प्राचार्यों ने विधायक ईश्वर से की मुलाकात



**साजा।** शासकीय महाविद्यालय साजा के नये प्राचार्य राजेशधर दीवान व नवीन महाविद्यालय ठेलका की प्राचार्य विजयलक्ष्मी दीवान ने विधायक ईश्वर साहू से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने श्री साहू को महाविद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी।

**दंडी स्वामी श्री ज्योतिर्मयानंद ने विधायक दीपेश और नपा अध्यक्ष से की चर्चा**

# श्री रूद्र यज्ञ व भागवत कथा 7 से, पहले दिन निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

ज़िला मुख्यालय स्थित मंडी प्रांगण में 7 दिसंबर से होने धार्मिक अनुष्ठान की तैयारी पर दंडी स्वामी श्री ज्योतिर्मयानंद ने विधायक दीपेश साहू और नगर पालिका अध्यक्षा शंकुतला साहू सहित पार्षदों से चर्चा और विचार विमर्श किया और आयोजन को लेकर सहयोग की बात रखते शामिल रहने की आशा जताई।

इस पर विधायक श्री साहू ने स्वामी जी को आश्वस्त किया कि जो भी यज्ञ में सहयोग और सहभागिता होगी पूरा करेंगे। विधायक ने कहा कि बेमेतरा नगर के लिए बड़े ही गौरव की बात है कि यहां मंडी प्रांगण में श्री रुद्र यज्ञ एवं श्रीमद्भागवत का सामूहिक आयोजन किया जा रहा है। धर्म के प्रति आस्था और जागरण मानवीय भावनाओं का उच्चतम भाव है। विधायक ने आश्वासन दिया जो भी स्वयं के साथ प्रशासनिक सहयोग होगा, अवश्य करेंगे।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा जो भी कलश यात्रा के लिए कलश यात्रा मार्ग तय किया जाय और प्रशासन से सहयोग लेकर कार्यक्रम सफल बनाया जाएगा। जितने भी सांस्कृतिक सामाजिक संगठन है सबको साथ लेकर एक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी ।स्वामी ज्योतिर्मयानंद ने बताया कि 7 दिसंबर नगर में भव्य कलश यात्रा रखी गई है।धार्मिक यज्ञ एवं श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के लिए नगर की कलश यात्रा में अधिक से अधिक महिलाओं से सहयोग लेकर शामिल होने की की बात कही।आयोजित अनुष्ठान के लिए भव्य कलश यात्रा नगर के लिए एक गौरव का विषय बनाने कहा। नगर पालिका अध्यक्षा सहित उपस्थित पार्षदों ने भी सामूहिकता के साथ उक्ताशय पर अपनी सहमति जताई और आयोजन को सफल बनाने प्रत्येक वार्ड से महिला टीम लाने पूर्ण सहयोग प्रदान करने कहा।



स्वामी जी ने कहा कि नगर में श्री रुद्र यज्ञ आयोजन सामूहिक रूप में काफी अरसे बाद किया जा रहा ,जिसमें बेमेतरा नगर वासी के साथ आस पास क्षेत्र के लोगों को धर्म जागरण के कार्य पर जागरूक कर हर एक घर से एक कलश हो और स्वयं कलश बनाकर दिसंबर 7 तारीख को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कलश यात्रा के धार्मिक आयोजन में पुण्य का भागीदार बनें।इस द पार्षद पंचू साहू मनोज शर्मा, नीतू कोठारी, जया साहू, सजनी यादव, रानी सेन ,देवराम साहू, राजू साहू ,धर्म सिंह वर्मा ,सीताराम साहू, शत्रुहन साहू , ललित विश्वकर्मा, सुरेश पटेल ,हितेंद्र साहू ,लालचंद मोटवानी, संतोष वर्मा ,महेश शर्मा, डॉ योगेश द्विवेदी, एस डी वैष्णव ,सतीश कसार , महेंद्र गुप्ता, अभन सेन सहित अन्य उपस्थित रहे ।

